**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 03.08.2020**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 के संक्रमण से स्वस्थ्य होकर लौटे अपने आवास पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की पहली बैठक अपने आवास पर ली गयी।**
- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण विशेष अभियान चलाया अभियान रहा है। आज दिनांक 03.8.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

**1.**नोवेल कोरोना वायरस–19 के संक्रमण से स्वस्थ्य होकर लौटे अपने आवास पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 03.08.2020 को नगर निगम के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की पहली बैठक अपने आवास पर ली गयी। जिसमें नगर आयुक्त महोदय ने नगर में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुये चिंता व्यक्त की एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षको को निर्देशित किया कि वह अपने–अपने क्षेत्रों में कोरोना वायरस–19 से ग्रसित हुये लोगो से उनके सम्पर्क में आये हुये लोगो की जानकारी करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को कोरोना पाजिटिव हुये वह लोग जो होम आइसोलेसन में है उन सभी को अपने मोबाइल में **होम आइसोलेसन एप** को डाउनलोड कराने के लिये निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षको को निर्देश देते हुये कहा कि निर्देशो का सख्ती से पालन किया जाये तथा निगम के अधिकारीगण,कर्मचारीगण एवं अन्य व्यक्ति द्वारा कोराना वायरस–19 के संक्रमण को रोकने में सहयोग नही करता तो उसके खिलाफ महामारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकती है। इसके साथ यह भी कहा कि कोरोना वायरस–19 के संक्रमण से ग्रसित हुये व्यक्ति जो होम आइसोलेशन में है,यदि वह मॉगी गई सूचना की जानकारी नही देते है,तो उनके खिलाफ महामारी अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। इस बैठक में सहायक नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी गौतम एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा निगम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

2. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 03.08.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य रेयान स्कूल,तारीन गाड़ीपुरा, दलेलगंज, रेती, तारीन बहादुरगंज,अन्टा, बृज बिहार कालोनी, गुरूकुल स्कूल, आकांक्षा स्कूल,बाबूजई, मोहम्मदजई, रैन बसेरा, बीएस0 पब्लिक स्कूल, पालिटेक्निक कॉलेज,मुमुक्ष आश्रम,बच्चा जेल,नगर निगम परिसर,रोडवेज, कचहरी कलेक्ट्रेट,जज साहब का बंगला, रामनगर, दिलाजाक, मोहम्मदजई बाबूजई, खलीलशर्की, गौहरपुरा, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

कमश.............................................(2)

Generated by CamScanner

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया।नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें। इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 03.08.2020 को **दिलाजाक एमनजई जलालनगर, चमकनी बिजलीपुरा, रौजा नोटिफायइड एरिया हास्पिटल** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 03.08.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। प्रर्वतन दल के माध्यम से प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जा रहा है ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर